★AILRSA जिन्दाबाद! ★AILRSA जिन्दाबाद! ★AILRSA जिन्दाबाद! ★AILRSA जिन्दाबाद! ★AILRSA जिन्दाबाद!

# ऑल इण्डिया लोको रनिंग स्टॉफ एसोसिएशन

पंजीकृत क्र. 17903 मुंबई मंडल, मध्य रेल

## भारतीय रेलवे के लोको पायलट

# 48 घंटे के HUNGER FAST पर क्यों?



## 48 घंटे का भूख उपवास क्यों?

प्रिय साथियों,

गाड़ी के संचालन संबंधी समस्याओं का अंबार लग चुका है, पूरी नौकरी सुरक्षित होगी या नहीं यह कहना मुश्किल हो गया है, समस्याओं को सुलझाने में प्रशासन का नकारात्मक रवैया और हमारी बढ़ती हुई सहनशीलता नई नई समस्याओं को जन्म दे रही है, एकजुटता न होने की वजह से रोज अलग अलग तरीके से victimization हो रहा है।

स्टाफ के आपस में बँटने की तो सीमा ही नहीं है, दो मान्यता प्राप्त संगठन होने के बावजूद किसी भी समस्या का हल तो छोड़िए बल्कि वो दिन दूनी गति से बढ़ रही हैं। इसके अलावा प्रांतवाद, भाषावाद, जातिवाद में फंसकर हमारा वजूद ही खतरे में है।

इन परिस्थितियों में AILRSA ही एकमात्र एक आशा की किरण है जो पूरे देश में इन समस्याओं के होते हुए भी संघर्ष कर रहा है। भलेही इसे (AILRSA) सरकारी मान्यता न हो परंतु पूरे category की मान्यता है, यदि यही लोकमान्यता सही तरीके से एकजुटता दिखाए तो समस्याओं का समाधान हो सकता है।

आज हमारी category आर्थिक, मानसिक व शारीरिक रुप से त्रस्त है...

1. आर्थिक रुप से देखें तो Sr. LPS से LPP, LPM तक GP- 4200 के लेवल 6 में ही निपटा दिया है, बल्कि ALP को तो D group तक नीचे ला दिया है, माइलेज रेट जो TA बढ़ने पर बढ़ना चाहिए वह नहीं बढ़ाया गया, जब गाड़ी में बैठकर जानेवाला कर्मचारी 1000 रुपये प्रतिदिन TA ले रहा है और गाड़ी चलाने वाला चालक केवल 525 रुपये / 100 km. हमारे रेट को न बढ़ाने का अर्थ है TA बढ़ता रहेगा लेकिन km रेट नहीं बढ़ेगा।

Basic Pay कम रखने की यह दलील दी गई कि 30% पे - km रेट में पे element के नाम से सम्मिलित है, लेकिन SPAD होने के बाद aptitude test में फेल होने पर यदि दूसरी category में appointed (alternate job) होने पर 30% जो पगार का हिस्सा था उसे आपके fixation में नहीं दिया जाएगा।

Income tax का रिलीफ सिर्फ 10,000 रुपये तक सीमित रखा गया है जबकि TA कमाने वाले का TA पर कोई income tax नहीं लगता है। हमारे माइलेज रेट में 70% TA का हिस्सा है जब की यह 10,000 की ceiling 2014 से नहीं बढ़ाई गयी हैं।

★AILRSA जिन्दाबाद! ★AILRSA जिन्दाबाद! ★AILRSA जिन्दाबाद! ★AILRSA जिन्दाबाद! ★AILRSA जिन्दाबाद!

AILRSA जिन्दाबाद! AILRSA जिन्दाबाद! AILRSA जिन्दाबाद! AILRSA जिन्दाबाद! AILRSA जिन्दाबाद!

2.आज लोको रनिंग स्टाफ मानसिक तनाव में काम कर रहा है safety के सभी नियमों को ताक में रखकर अधिकारियों की मनमर्जी के circular पर गाड़ियां चलाई जा रहीं है। G & SR लोको पायलट की गीता है क्या सच में ऐसा है? अधिकारियों ने G & SR को ताक में रख दिया है अगर कोई LP/ALP, MM गैर कानूनी आदेशों को मानने से इंकार करता है या मानने में असमर्थता प्रकट करता है तो उसे punishment के नाम पर धमकाया जाता है और charge sheet दे दी जाती है।SPAD cases को बचाने और safety के नाम पर अलग अलग उपकरण लोको कैब में लगाए गए हैं जिनका safety से कोई संबंध नहीं है बल्कि LP /ALP को मानसिक रुप से प्रताड़ित करना है और तो और SPAD cases घटने की बजाय बढ़ रहे है, क्योंकि प्रशासन को SPAD रोकने के लिए जो प्रयास करना चाहिए वह नहीं कर रहे हैं।

A - हाथ उठाकर signal काल out करने से SPAD नहीं रुकेगा।

B - यार्ड के diagram बनाने से SPAD नहीं रुकेगा।

C - ALP को एक हाथ RS Valve पर रखने से SPAD नहीं रुकेगा।

D - Cab में कैंमरा/ CVVRS लगाने से SPAD नहीं रुकेगा।

E - HQ bypass कराने से मानसिक तनाव बढ़ेगा SPAD नहीं रुकेगा।

3. ILO convention के हिसाब से कर्मचारियों की ड्यूटी hrs. 08 घंटे है, रनिंग स्टाफ के classfication के अनुसार हम continuous category में आते है जिसका ड्यूटी hrs. sign on से sign off 08 घंटे है। HPC के अनुसार भी ड्यूटी 09 घंटे है लेकिन आजादी के 78 साल बाद भी हमारे ड्यूटी hrs. 11-12 या 13 घंटे तक हो रही है, धीरे-धीरे हम ड्यूटी hrs. के बारे में 1978 के पूर्व स्थिति में आ रहे हैं। प्रशासन का लोको रनिंग स्टाफ की समस्याओं के प्रति नकारात्मक रवैय्ये के खिलाफ प्रजातांत्रिक तरीके से कई बार विरोध प्रदर्शन किया जा चुका है, अब CWC मीटिंग फुलैरा (राजस्थान) में निर्णय लिया गया है कि लोको रनिंग स्टाफ दिनांक 02.12.2025 को 10.00 बजे से 48 घंटे का उपवास रखेगा और वैसे ही गाड़ी संचालन का कार्य करेगा, सभी साथियों से अनुरोध है कि इस विरोध प्रदर्शन में AILRSA के इस प्रजातांत्रिक संघर्ष में साथ दें जिससे प्रशासन हमें भी रेल्वे का हिस्सा मानकर अनैतिक व्यवहार करना बंद करे और जायज मांगों को जल्द से जल्द पूरा करनें में यथाशीघ्र उचित कदम उठाए। एकता ही ताकत है, संगठित होकर ही ताकत पैदा होती है और ताकत के सामने सब सलाम करते हैं। तो आइए इस उपवास आंदोलन को सफल बनाये. ना RR में खाना खायेंगे और ना ही घर से लेकर आयेंगे।

**AILRSA JINDABAD** **RUNNING UNITY JINDABAD**

AILRSA जिन्दाबाद! AILRSA जिन्दाबाद! AILRSA जिन्दाबाद! AILRSA जिन्दाबाद! AILRSA जिन्दाबाद!